nt>

Title: Need to approve more National Highways in Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान क्षेत्रफल के हिसाब से इस समय देश का सबसे बड़ा राज्य है। सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद वहां राट्रीय राजमार्ग बहुत कम है, जितने होने चाहिए थे, उतने नहीं हैं। इस सम्बन्ध में राज्य सरकार ने लगभग 28 प्रस्ताव भारत सरकार के सामने प्रेति कर रखे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि उनमें से भारत सरकार द्वारा अभी तक एक ही प्रस्ताव को अनुमति दी गई है। मेरा अनुरोध है कि शो प्रस्तावों पर भी ध्यान देकर वहां राट्रीय राजमार्ग बनाने की अनुमति दी जाए और उन सबके लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाए।

श्री लाल मुनी चौबे (बक्सर) : अध्यक्ष महोदय, मैंने पिछली 27 तारीख को नोटिस दिया है। मैं चाहता हूं कि मुझे बोलने की इजाजत दी जाए। मैं अपनी बात सदन को बताऊं कि मेरे साथ क्या हुआ। एक सांसद के साथ कहां तक पुलिस जा सकती है।

अध्यक्ष महोदय : आप एक मिनट रूकिए। मैं देखता हूं कि राज्य सरकार के पास से क्या सूचना आई है।